आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

08.07.2024 समय : 1850

- अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा इस वित्त वर्ष में एक सौ पचपन किलोमीटर से अधिक सड़क बनाने की योजना है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को स्वच्छ और हरा–भरा बनाए रखने और द्वीपों को कचरा मुक्त बनाने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं।
- भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी देने के लिए गर्ल्स स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- उद्योग विभाग सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री योजना–पीएम एफएमई को लागू कर रहा है।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–दो हजार चौबीस की उत्तर कुंजी जारी कर दी है।

<><><><><><>

अंडमान लोक निर्माण विभाग द्वारा इस वित्त वर्ष में एक सौ पचपन किलोमीटर से अधिक सड़क बनाने की योजना है। विभाग के मुख्य अभियंता इंजीनियर प्रीजीत रेख ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में बताया कि प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त करने के लिए कार्रवाई की जा रही है और स्वीकृति मिलते ही अक्तूबर से संभवतः काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष विभाग द्वारा पूरे द्वीपसमूह में एक सौ चौबीस किलोमीटर सड़कें बनाई गई थी।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह को स्वच्छ और हरा–भरा बनाए रखने और द्वीपों को कचरा मुक्त बनाने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। ठोस कचरा प्रबंधन और इसका उचित निपटान इस दिशा में एक प्रमुख घटक है। द्वीपसमूह के सभी सत्तर ग्राम पंचायतों में छब्बीस ठोस कचरा प्रबंधन कलस्टर स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से कचरों को एकत्र करना, उनको अलग–अलग करना और आगे के प्रसंस्करण के लिए भेजना है। हालांकि कलस्टर को अलग किए गए कचरों को ही एकत्र करने के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन इसके साथ मिश्रित कचरे भी भेज दिए जाते हैं, जिससे उद्देश्य की प्राप्ति में व्यवधान उत्पन्न होता है। ग्रामीण क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों को ग्राम पंचायतों के साथ जोड़ा गया है और इस संबंध में संबंधित विभाग की ओर से एस ओ पी भी जारी किया गया है। इन कलस्टरों को सूखे और गीले कचरे को अलग–अलग प्राप्त करने के लिए स्थापित किया गया है। कचरों को अलग–अलग कर सौंपना द्वीपों में कचरा प्रबंधन कड़ी में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। लोगों से इस दिशा में सहयोग की कामना की गई है।

<><><><><><>

भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी देने के लिए हाल ही में गर्ल्स स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के एस आई अभिषेक हलदार ने इस नए कानून के महत्व के बारे में जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग की महिला कल्याण अधिकारी रीता देवी ने समाज में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति तथा समानता पर अपने विचार रखे। पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी। इससे पहले बाल विकास परियोजना अधिकारी ज़रीना बीबी ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

भारतीय तेल निगम की बॉटलिंग संयंत्र होपटाउन की ओर से हाल ही में अग्नि दुर्घटना और बचाव पर आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यास का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन निदेशालय, पुलिस, एन डी आर एफ, सी आई एस एफ, दमकल विभाग, स्वास्थ्य और उद्योग विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आपातकालीन स्थिति में अग्नि दुर्घटना से बचने और इसे नियंत्रित करने के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

उद्योग विभाग आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक नई शुरू की गई केन्द्र प्रायोजित योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री योजना–पीएम एफएमई को लागू कर रहा है। इसका उद्‌देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के उत्पादों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज, सामान्य बुनियादी ढांचे, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत करना है। इस योजना के तहत व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को अनुदान और बीज पूंजी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना में एक ज़िला एक उत्पाद दृष्टिकोण अपनाया गया है। दक्षिण अंडमान ज़िले में समुद्री आधारित मछली उत्पाद और मध्योत्तर अंडमान तथा निकोबार ज़िले के लिए नारियल आधारित उत्पादों को शामिल किया गया है। योजना का लाभ उठाने तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है। और जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय या उद्योग विभाग की शाखाओं से कार्य दिवसों में फोन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में पेशेवर तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्‌यक्रमों के अलावा बी ई लेटरल एन्ट्री के तहत सीटों के आवंटन के वास्ते आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की अस्थाई योग्यता सूची कल कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा। दावे और आपत्तियां बारह जुलाई की शाम पांच बजे तक उच्च शिक्षा के सहायक सचिव के पते पर जमा किया जा सकता है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–दो हजार चौबीस की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी उत्तर कुंजी को कल तक चुनौती दे सकते हैं। अब एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित होने की संभावना है। यह परीक्षा पहली बार हाइब्रिड आधार पर आयोजित की गई थी। पन्द्रह विषयों के लिए परीक्षा पेन–पेपर आधारित थे, जबकि अन्य अड़तालीस विषय कंप्यूटर आधारित थे। इस वर्ष, दो सौ इकसठ केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आम प्रवेश परीक्षा के लिए तेरह लाख चालीस हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रथम वर्ष डिप्लोमा कार्यक्रम और छात्रावास के विद्यार्थियों के लिए अंशकालिक योग इंस्ट्रक्टर्स की नियुक्ति की जाएगी। बारह जुलाई को दिन में बारह बजे संस्थान में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। चुने गए उम्मीदवारों को साढ़े सात सौ रूपये प्रतिदिन के हिसाब से भुगतान किया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा अट्‌ठारह हजार रूपये प्रतिमाह होगी। इच्छुक उम्मीदवार दस्तावेज दस जुलाई तक संस्थान के अकादमिक प्रकोष्ठ में जमा कर सकते हैं।

उधर, पर्यावरण और वन विभाग में लास्कर और ऑयलर के पद में भर्ती के लिए चयनित उम्मीदवारों की ट्रेड परीक्षा अब नौ जुलाई के स्थान पर तीस जुलाई को नेताजी स्टेडियम के स्वीमिंग पुल में ली जाएगी।

<><><><><><>

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी और पूर्व अध्यक्ष विशाल जॉली ने हैडो निवासी टी. सुषमा के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सोलह दशमलव दो मिलीमीटर, कार निकोबार में आठ, हटबे में सात और मायाबंदर में तीन दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है।

<><><><><><><>